## महत्वपूर्ण एवं खास

### तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी ठोकर, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ट्रक की ठोकर से कार क्षतिग्रस्त हो जाने की रिपोर्ट आमानाका थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार सूर्या रेसीडेंसी सुपेला भिलाई निवासी अविनाश सोनी 46 वर्ष पिता विजय सोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि टाटीबंध चौक के पास तेज रफ्तार ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचटी 2306 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाकर प्रार्थी के पोलो कार को ठोकर मार दिया जिसके चलते कार क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 279 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व सोने का हार कुल 70 हजार की चोरी, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व सोने का हार चोरी किए जाने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार घासीदास नगर सेक्टर तीन खमतराई निवासी मोहित लिलहारे 23 वर्ष पिता ढालचंद लिलहारे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि मां और भाई के साथ ग्राम राखी गया हुआ था। 27 जुलाई को दोपहर पड़ोसी ने मोबाईल फोन पर सूचना दिया कि प्रार्थी के घर में लगे मेन गेट का ताला टुटा हुआ है और ऊपर का दरवाजा खुला हुआ है। प्रार्थी वापस अपने घर आकर देखा तो घर में सामान बिखरा पड़ा था तथा मम्मी पापा के बेडरूम के आलमारी का ताला तोड़कर अंदर रखे सामान नगदी रकम 50हजार रुपये एक सोने का हार तथा बाथरूम व किचन का नल कुल 05 नग (जेग्वल कंपनी का) अन्य सामान चोरी हो गये है। चोरी गये नगदी व सामान कुल 70 हजार की किसी अज्ञात चोर घर अंदर घूसकर चोरी कर लिया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरी के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### पुरानी रंजिश के चलते युवक को धारदार औजार से मारकर किया घायल, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** पुरानी रंजिश के चलते हाथ मुक्का एवं धारदार हथियार से मारकर युवक को घायल किये जाने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार शिवानंद नगर खमतराई निवासी मोहम्मद हाफिज 37 वर्ष पिता मोहम्मद जमीर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पुरानी रंजिश के चलते गणेश मंदिर के पास शिवानंद नगर में राहुल साहू एवं उसके साथी ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का एवं धारदार हथियार से मारकर घायल कर दिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506 बी, 323, 324, 34 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### हाथी प्रभावित क्षेत्रों के लिए पुलिस टीम तैयार

**महासमुंद (आरएनएस)।** कांवरियों को हाथियों से सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुलिस विभाग ने हाथी प्रभावित क्षेत्रों में 4 पुलिस टीम तैयार की है वहीं क्षेत्र के ग्रामीण भी कांवरियों की सुरक्षा के लिए हाथियों पर नजर रखे हुए हैं जो कांवरियों को हाथियों के लोकेशन की जानकारी देते रहेंगे। हाथियों का दल 3 दलों में विभाजित होने के कारण सिरपुर क्षेत्र में खतरा और भी बढ़ गया है। इस कारण पुलिस तथा सिरपुर क्षेत्र के स्थानीय ग्रामीण हाथियों के लोकेशन पर नजर रखे हुए हैं। हाथी भगाओ फसल बचाओ समिति अब सिरपुर पहुंचने वाले कांवरियों की मदद भी करेंगी। कांवरियों की सुरक्षा के लिए समिति के सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। बम्हनी से सिरपुर कांवर यात्रा के दौरान कांवरियों को क्षेत्र में विचरण कर रहे हाथियों के लोकेशन की जानकारी दी जाएगी और कांवरियों के सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने में मदद भी करेगा।

# मारे गए 7 में 3 नक्सलियों की हुयी शिनाख्त, तीनों सप्लायर निकले

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जगदलपुर जिले के तिरिया जंगल में मारे गए 7 नक्सलियों में 3 महिलाएं एवं 4 पुरूष हैं, जिनमें से 3 की शिनाख्त कर ली गयी है।

मामले का खुलासा करते हुए बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि दरअसल नक्सली उड़ीसा बार्डर पर स्थित तिरिया माचकोट जंगल जो संभागीय मुख्यालय से महज 30-35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, वहां अपने संगठन का विस्तार करते हुए नए दलम का गठन करने के उद्देश्य से एकत्र हो रहे थे। इसी दौरान शहीद सप्ताह में, उनका किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की भी योजना थी, किंतु पुलिस ने उनके सारे मंसूबों को नाकाम कर दिया।

» मृतकों में 3 महिलाएं एवं 4 पुरूष



सिंहा ने बताया कि मारे गए नक्सलियों में 3 की शिनाख्त कर ली गयी है, जिसमें शांति ओड़िसा-छत्तीसगढ़ और आंध्रप्रदेश के सीमावर्ती इलाकों में नक्सलियों के लिए सामानों के सप्लायर का काम करती थी। दूसरी महिला किलोसीता विशाखापटनम की निवासी है। तीसरे की शिनाख्ती समलु के रूप में हुयी है, यह बीजापुर में नक्सलियों के लिए सप्लाई का काम करता था।

### पुलिस का नेटवर्क तगड़ा

बस्तर मुख्यालय जगदलपुर शहर के पास ही ओड़िशा से सीमा बनाते हुए माचकोट और तिरिया वन परिक्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों को सुरक्षा बलों ने लगाम लगाते हुए कल तिरिया के घने जंगलों में सुरक्षा बलों ने सात नक्सलियों को मार कर यह नक्सलियों को जता दिया कि उनकी भी तैयारी कुछ कम नहीं है। सुरक्षा बलों को इस क्षेत्र में नक्सलियों की चहल कदमी की जानकारी लगातार प्राप्त हो रही थी और शहर से सटे होने के कारण इस क्षेत्र में आंतक को और अधिक बढ़ने भी नहीं दिया जा सकता था। उल्लेखनीय है कि इन नक्सलियों पर नियंत्रण रखने और क्षेत्र को आतंक विहिन करने के लिए लगाम लगाना आवश्यक था।

### किया बम विस्फोट, कोई हताहत नहीं

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में आज सुबह नक्सलियों ने सर्चिंग के लिए निकली पुलिस पार्टी पर निशाना साधते हुए आईईडी विस्फोट किया, किंतु सभी पुलिस कर्मी बाल-बाल बच गए। विस्फोट बाद हुयी मुठभेड़ में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आज सुबह ओरछा थाने से पुलिस का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग के लिए रवाना हुआ था। ग्राम बटुमपारा के निकट जंगल में घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस को टारगेट बनाते हुए बारूदी सुरंग विस्फोट कर दिया, किंतु सौभाग्यवश फोर्स को कोई क्षति नहीं हुयी। विस्फोट बाद फौरन मोर्चा संभालते हुए पुलिस बल ने गोलीबारी की। लगभग आधे घंटे तक हुयी गोलीबारी के बाद अंततः नक्सली घने जंगल की आड़ लेकर भाग गए। मुठभेड़ में कोई हताहत नहीं हुआ है।

## चोरी से लाइन खींचकर जला रहा था बिजली, रिपोर्ट दर्ज

**» लाखों का बिजली बिल भुगतान नहीं करने पर काटी गई थी लाइन**

**रायपुर (आरएनएस)।** बूढ़ापारा जोन सहायक यंत्री ने बिजली चोरी करके अंदरग्राउंड लाइन खींचकर बिजली जलाने की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज करायी है। मिली जानकारी के अनुसार ढेबर टावर के पास बैरन बाजार निवासी मोहम्मद अल्ताब पिता मोहम्मद आरिफ के द्वारा 22 जुलाई से 23 जुलाई के बीच बकाया लाखों रुपए का बिजली बिल नहीं पटाये जाने पर बिजली कनेक्शन काट दिया गया था। जिसके बाद आरोपी ने घर के पीछे सडक के पार स्थित श्रीमती जुबेदा बेगम के मकान में लगे विद्युत संयोजन क्रमांक 1000607679 से जोडकर अवैध रूप से सडक खोदकर अंडरग्राउंड केबल लगाकर सीमेंट में बंद कर परिसर में बिजली चालू कर उपयोग कर रहा था। बिजली विभाग की टीम ने छापा मारकर चोरी का बिजली उपयोग करते हुए रंगे हाथ पकड़े जाने पर आरोपी के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## आर्थिक मामले में सेंटपॉल चर्च का नाम बदनाम कर रहे पास्टर के खिलाफ पुलिस नहीं कर रही कार्यवाही: लारेन्स

**» नितिन लारेन्स ने डीजीपी को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की**

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रशासनिक आदेशों को विशेषकर पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश को थाना प्रभारियों द्वारा किस तरह उपेक्षित किया जाता है इसका प्रमाण पिथौरा थाना में डीजीपी का आदेश ठुकराकर वहां के थाना प्रभारी ने दिया है। चर्च के जिम्मेदार नितिन लारेन्स ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सेंटपॉल चर्च के पास्टर शमशेर सामुएल द्वारा महासमुंद चर्च में दुकान निर्माण के बहाने लाखागढ़ के दिलीप साहू से 3 लाख रुपये ले लिया गया था। जिस पर मसीही समाज की ओर से उन्होंने आपत्ति व्यक्त करते हुए पास्टर पर दबाव बनवाकर दिलीप साहू को उनके 3 लाख रुपये वापस करवाये। उक्त पास्टर द्वारा सेंटपॉल चर्च का नाम एवं मसीही समाज की छबि को धूमिल किया जा रहा है। चर्च के नाम का दुरुपयोग कर शमशेर ने पूरे मसीही समाज को बदनाम किया है। इस संबंध में नितिन द्वारा पुलिस विभाग के आला अधिकारियों से शिकायत की गई। जिस पर डीजीपी ने सीआईडी जांच में अपराध धारा 420, 511 के तहत होना पाया।



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक महासमुंद ने पुलिस अधीक्षक महासमुंद और संबंधित थाना प्रभारी को अपराध पंजीबद्ध कर 09 मई को आदेश जारी किया था किन्तु अपराधी द्वारा थाना प्रभारी से साठगांठ कर आज दिनांक तक मामला पंजीबद्ध नहीं किया गया है। लारेन्स द्वारा मामला पंजीबद्ध कराये जाने पर थाना प्रभारी ने सीधे-सीधे मामला नहीं बनता कहकर कोर्ट जाने की धमकी दी। उक्त मामले में शमशेर सामुएल के गुरु प्रेमचंद सिंह उम्र 24 वर्ष द्वारा संयुक्त रुप से उक्त मामले को कारित किया गया था किन्तु आज तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## 40 लाख का गांजा पकड़ाया, दो गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा (आरएनएस)।** जिले में पहली बार बड़ी मात्रा में गांजा जब्त करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त गांजे की कीमत करीब 40 लाख रूपये आंकी गयी है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक मुखबिर से सूचना पर दंतेवाड़ा- बचेली रोड पर नाकाबंदी कर रावणडेंग में एक ट्रक को रोका गया। पड़ताल में वाहन चालक के केबिन में गांजा मिला। जब्त गांजे की वास्तविक मात्रा और बाजार मूल्य बताने में अभी अधिकारी बच रहे हैं। बावजूद सूत्र बता रहे हैं कि गांजे को बड़े सुनियोजित ढंग से चालक केबिन के ऊपरी हिस्से में छिपाया गया था जिसे मुखबिर की सूचना पर जवानों ने ढूंढ निकाला। वाहन से 42 पैकेट गांजा बरामद हुआ है। प्रत्येक पैकेट में 8 से 10 किलो गांजा होने का अनुमान है। पुलिस धमतरी के रामपुर निवासी 33 वर्षीय उपेंद्र पिता गोवर्धन प्रसाद तुर्डरे को आरोपी बता रही है। वाहन क्रमांक सीजी 07 सीए 1724 जगदलपुर



शांतिनगर निवासी संजय सिंह भदौरिया की है। यह वाहन सुकमा से नकुलनार, दंतेवाड़ा होते जगदलपुर की ओर जा रही थी। कहा जा रहा है कि गांजा तस्करों ने अब नया रास्ता ओड़िशा से उत्तर प्रदेश के लिए चुना है। यह रास्ता मलकानगिरी से सुकमा और वहां से गादीरास, नकुलनार, दंतेवाड़ा और गीदम बना लिया है। गीदम के बाद ये लोग कभी जगदलपुर तो कभी चित्रकोट होते कोंडागांव और आगे कांकेर, धमतरी के रास्ते उत्तरप्रदेश तक का रास्ता तय करते हैं। सावन के महीने में गांजे की डिमांड उत्तर प्रदेश, दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई राज्यों में होती है। इस दौरान गांजा का अच्छा दाम मिलता है। बताया जाता है कि ओडिशा का गांजा नेपाल और पाकिस्तान तक तस्कर सप्लाई करते हैं।

## ग्रामीणों ने कहा-आधी रात छोड़े जा रहे मवेशी, फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

**महासमुंद (आरएनएस)।** बारिश न होने से परेशान बेलटुकरी के आश्रित ग्राम अमावस के किसान इन दिनों दोहरी मार झेल रहे हैं। दरअसल, आधी रात उनके गांव में छोड़े गए सैकड़ों मवेशी खेतों की फसल को चट कर रहे हैं। जिससे किसान परेशान हैं। आज इसकी शिकायत किसानों ने जिला प्रशासन से की है। किसान छोटू राम, छगनलाल जांगड़े, तोरण, भकला, धनादी, बाबूलाल, उत्तमदास सहित करीब दो दर्जन से अधिक शिकायत करने कलेक्टोरेट पहुंचे थे। इन किसानों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से उनके गांव अमावस में आसपास के विभिन्न गांवों के अवारा मवेशियों को आधी रात छोड़ा जा रहा है जो उनकी फसल को चौपट कर रहे हैं। जिसे लेकर गांव में विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। किसानों की मांग है कि गांव में छोड़े जा रहे मवेशियों को रखने समुचित व्यवस्था की जाए और गांव में गौठान का निर्माण करने के लिए स्वीकृति प्रदान की जाए जिससे उनकी फसल बच जाए।

किसानों ने बताया कि ग्राम अमावस के पांच सौ हेक्टेयर में किसानों ने फसल लगाई है जिसमें से साधन संपन्न किसान की फसल तो ठीक है लेकिन बारिश के भरोसे खेती करने वाले किसानों की फसल खराब हो चुकी है। हालांकि पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के बाद उन्हें राहत मिली है लेकिन मवेशियों द्वारा फसल चौपट किए जाने के बाद उनकी परेशानी और बढ़ गई है।

## व्यापमं द्वारा आयोजित सहायक शिक्षक विज्ञान भर्ती परीक्षा में हजारों अभ्यर्थी हुए शामिल

**» 2 लाख 18 हजार परीक्षार्थियों का हुआ पंजीयन, 594 केन्द्रों में हुई परीक्षा**

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल (व्यापमं) द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं में सहायक शिक्षक विज्ञान के रिक्त पदों पर दी गई जानकारी के आधार पर आज सहायक शिक्षक विज्ञान (प्रयोगशाला) ई एवं टी संवर्ग भर्ती परीक्षा आज आयोजित की गई। परीक्षा सुबह 10.00 से दोपहर 1.15 के मध्य ली गई। उक्त परीक्षा में प्रदेशभर से हजारों अभ्यर्थियों ने परीक्षा देकर अपना भाग्य अजमाया। मिली जानकारी के अनुसार व्यापमं द्वारा निकाले गये विज्ञापन के आधार पर 2 लाख 18 हजार परीक्षार्थियों का पंजीयन किया गया था। परीक्षा राजधानी सहित प्रदेश के 594 केन्द्रों में सफलता पूर्वक कराई गई। परीक्षा के लिए शहर में भी बड़ी



संख्या में परीक्षा केन्द्र बनाये गये थे। उक्त परीक्षा में समस्त 594 केन्द्रों में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने पहुंचकर परीक्षा दी।

## डीजल चोरी करने वाले गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

**» पुलिस को चकमा देकर गिरोह के अन्य सदस्य फरार**

**भिलाई-दुर्ग (आरएनएस)।** सड़क किनारे खड़े ट्रकों से डीजल चोरी करने वाले एक गिरोह के एक सदस्य को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है, आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया 280 लीटर डीजल अनुमानित मूल्य करीब 18 हजार 760 रूपए बरामद किया गया है, वहीं गिरोह के तीन-चार सदस्य फरार हो गए।

कल रात पेट्रोलिंग के दौरान गश्ती दल को एक बिना नंबर की बोलेरो वाहन ग्राम ईरागुड़ा के नजदीक दिखी। पुलिस ने पूछताछ के लिए वाहन को रूकवाने का प्रयास किया गया तो आरोपी वाहन सहित भागने लगे। पुलिस ने आरोपियों को अर्जुंदा तिराहा के पास घेरा लेकिन तब तक पुलिस को चकमा देकर तीन-चार आरोपी भाग निकले। वाहन से आरोपी रतन सिंह पिता जितेंद्र सिंह 28 वर्ष निवासी सांई नगर कैंप 1 शासकीय सुभ शौचालय के पास हाईसकूल के पीछे थाना छावनी जिला दुर्ग को पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 7 जरीकेन में करीब 280 लीटर डीजल बरामद किया गया है।



पूछताछ में आरोपी ने अपने साथियों के साथ सड़क के किनारे खड़े रहने वाले ट्रकों को निशाना बनाकर डीजल चोरी करने की बात स्वीकार की है।

## अगले साल से होगी सलमान की किक 2 की शूटिंग

पांच साल पहले साल 2014 में सलमान खान, जैकलीन फर्नांडिस, रणदीप हुड्डा और नवाजुद्दीन सिद्दीकी की मुख्य भूमिकाओं वाली सुपरहिट ऐक्शन थ्रिलर फिल्म किक ईद के मौके पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म से प्रड्यूसर साजिद नाडियाडवाला ने डायरेक्टर के तौर पर डेब्यू किया था। अब पिछले काफी दिनों से इस फिल्म के सीक्वल किक 2 की काफी चर्चा है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, अभी इस फिल्म का सीक्वल प्री-प्रॉडक्शन की स्थिति में है और उम्मीद की जा रही है कि अगले साल तक इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी। एक सूत्र ने बताया कि साजिद और उनकी टीम इस फिल्म को लिख रही है। टीम बहुत धीमे-धीमे काम कर रही है ताकि फिल्म ऑडियंस की उम्मीदों पर खरी उतरे।




यह भी पता चला है कि टीम ने फिल्म का आइडिया फाइनल कर दिया है। फिल्म में एक बार फिर सलमान खान डेविल (देवी लाल सिंह) के कैरक्टर में दिखाई देंगे। पार्ट टू में इस कैरक्टर के और पहलू ऑडियंस के सामने लाए जाएंगे। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू किए जाने के लिए साजिद भी काफी मेहनत कर रहे हैं। सलमान भी इस फिल्म के लिए काफी उत्साहित हैं।

स्क्रिप्ट फाइनल होने के बाद फिल्म की शूटिंग लोकेशंस को फाइनल किया जाएगा। अभी तक सलमान के अलावा फिल्म के कलाकारों का भी चुनाव नहीं किया गया है। बता दें कि किक के डायरेक्शन के लिए खुद सलमान ने ही साजिद से गुजारिश की थी। अब फैन्स को इसके सीक्वल का इंतजार रहेगा।

## बेहोश होने के बाद भी वरुण धवन ने की लगातार 18 घंटे शूटिंग



वरुण धवन इस समय कोरियॉग्रफर रेमो के डायरेक्शन में बन रही फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी में काम कर रहे हैं। फिल्म की पूरी टीम इस पर काफी मेहनत कर रही है। पिछले 6 महीने से इस फिल्म की शूटिंग चल रही है और अभी भी इसका काफी काम बाकी है। जहां फैन्स को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है, वहीं फिल्म के सेट्स से एक ऐसी खबर आ रही है जिसे सुनकर वरुण धवन के फैन्स दुखी हो सकते हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म के लिए एक डांस सीक्वेंस की शूटिंग के दौरान वरुण धवन बेहोश हो गए। वरुण के लो ब्लड प्रेशर की वजह से उन्हें आराम करने की सलाह दी गई जिसके बाद वरुण ने शूटिंग रोक दी। हालांकि एक दिन आराम करने के बाद वरुण शूटिंग पर वापस आ गए और तय 26 तारीख तक शूटिंग पूरी करने के लिए उन्होंने लगातार 18 घंटे शूटिंग की।

## स्वाद ही नहीं स्किन को भी चमकाता है अनानास

अनानास, स्वादिष्ट होने के साथ और सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके सेवन से त्वचा सुंदर बनी रहती है। पौष्टिक तत्वों से भरपूर अनानास को सिर्फ खाया या जूस बनाकर पिया ही नहीं जा सकता, बल्कि अपनी त्वचा व बालों पर मास्क बनाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। अनानास में मौजूद ऐंटीऑक्सिडेंट्स और मिनरल्स त्वचा के लिए फायदेमंद होते हैं। इसके अलावा इसमें विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जो त्वचा को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है।

फटी एड़ियों के लिए फायदेमंद

फटी एड़ियों की समस्या से काफी लोग परेशान रहते हैं, जिसके लिए लोग दर्द में राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय अपनाते हैं लेकिन दर्द ही नहीं, बल्कि फटी एड़ियों के कारण आपको अपने पैरों को छुपाना पड़ता है। अगर आप भी फटी एड़ियों से परेशान हैं, तो अनानास बेहतर विकल्प हो सकता है। फटी एड़ियों से राहत पाने के लिए अनानास के एक टुकड़े पर शहद व चीनी मिलाकर लगाएं और इसे एड़ियों पर रगड़ते हुए स्क्रब करें, आराम मिलेगा।

फेस मास्क से आएगा निखार

अनानास आपकी त्वचा में निखार लाने व त्वचा को जवां बनाए रखने में मदद करता है। अनानास शरीर में कोलेजन



सिंथेसिस को बढ़ावा देता है। कोलेजन की सही मात्रा होने से त्वचा में लचीलापन आता है। इसके अलावा, इसमें मौजूद विटामिन-सी और अमीनो एसिड डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करते हैं। जंवा त्वचा पाने के लिए आप अनानास का खाने के साथ इसका जूस पी सकते हैं। इसके अलावा आप इसका फेस मास्क भी बना सकते हैं। इसके लिए आप अनानास को छीलकर कुछ टुकड़े मिक्सर में डालें और इसका पेस्ट बना लें।